राजस्थान सरकार
# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

एफ 7(4)(19)अकाद/आकाशि/परीक्षा/2017-01934/

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः– Pre. D.El.Ed. (पूर्व नाम बी.एस.टी.सी.) Exam 2024 के सफल आयोजन के क्रम में।

सन्दर्भः–शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग का पत्रांक प. 7(6)प्राशि/आयो/2021–01857 जयपुर, राजकाज नं. 8236228 दिनांक 21.06.2024।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र की छाया प्रति संलग्न कर लेख है कि सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El.Ed.) (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा (Pre. D.El.Ed. Exam) 2024 का आयोजन दिनांक 30.06.2024 को नोडल एजेन्सी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा राज्य के समस्त जिलों में किया जायेगा।

इसी क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त परीक्षा हेतु आपके महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जाने पर आप भौतिक संसाधन उपलब्ध कराते हुए वीक्षक एवं अन्य दायित्वों के समुचित निर्वहन के लिए अपने महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का मुख्यालय पर रहना सुनिश्चित करें। नोडल परीक्षा एजेन्सी (VMOU) व स्थानीय प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

(प्रो0 विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

एफ 7(4)(19)अकाद/आकाशि/परीक्षा/2017-01934/
प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, श्रीमान शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग का राजकाज नं. 8236228 दिनांक 21.06.2024 के सन्दर्भ में सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अति0 आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।

(प्रो0 विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2024.06.27 17:00:12 IST
Reason: Approved
RajKaj Ref 8366230

**Most Urgent**
**Pre-D.El.Ed. Exam-2024**

**राजस्थान सरकार**
**स्कूल शिक्षा विभाग**

क्रमांक : प. 7(6)प्राशि/आयो/2021–01857 जयपुर, दिनांकः

जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,
समस्त

**विषयः–** Pre-D.El.Ed. (पूर्व नाम बी.एस.टी.सी.) Exam 2024 के सफल आयोजन में सहयोग एवं कानून व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El.Ed.) (सामान्य/संस्कृत) **प्रवेश पूर्व परीक्षा (Pre-D.El.Ed. Exam) 2024 का आयोजन दिनांकः 30.06.2024 (रविवार)** को नोड़ल एजेन्सी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा राज्य के समस्त जिलों में किया जा रहा है। उक्त परीक्षा में लगभग 6 लाख 45 हजार परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर भाग लेंगे। जिलों में परीक्षा संचालन, नियन्त्रण एवं प्रबोधन हेतु जिला स्तर पर जिला समन्वयक एवं जिला नोड़ल अधिकारी नियुक्त किये गये है। प्रवेश पूर्व परीक्षा (Pre-D.El.Ed. Exam) 2024 में अधिक संख्या में परीक्षार्थी सम्मिलित होने तथा परीक्षा के सफल आयोजन में जिला स्तर पर समुचित प्रशासनिक सहयोग एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करवाया जाना अपेक्षित हैः–

308
25/06/24
Prof. Mahendra
25/06/24
Sh. Bhagchand
25/6/24

1. जिला स्तर पर परीक्षा आयोजन हेतु नियुक्त जिला समन्वयक एवं जिला नोड़ल अधिकारी को परीक्षा आयोजन हेतु आवश्यक प्रशासनिक सहयोग प्रदान करें।
2. समन्वयक, प्री डी.एल.एड. परीक्षा–2024 वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा निर्धारित व्यूह रचना अनुसार सीलबन्द (स्टील ट्रंक) ओ.एम.आर. शीट्स, प्रश्न पत्र पुस्तिकाओं एवं अन्य वांछित गोपनीय सामग्री को ट्रेजरी एवं सब ट्रेजरीज में सुरक्षित रखवाये जाने हेतु समस्त कोषाधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करावें।
3. परीक्षा आयोजन से पूर्व अधिकारियों की बैठक लेकर परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य प्रबन्धन की समीक्षा कर यह सुनिश्चित करें कि जिले के किसी भी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा आयोजन में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हो। उक्त बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक को भी आमन्त्रित किया जावे।
4. परीक्षा के दौरान कानून एवं व्यवस्था को बनाये रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को प्रशासनिक पर्यवेक्षण के लिए पाबन्द किया जावे।
5. परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन हेतु कानून व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान करें।
6. जिला समन्वयक एवं जिला नोडल अधिकारी की मांग के अनुसार परीक्षा केन्द्र निर्धारण में निजी शिक्षण संस्थाओं के सक्रिय सहयोग हेतु उन्हें निर्देशित करावें।

(कृष्ण कुणाल)
शासन सचिव

कृ.प.उ. .....

RajKaj Ref
8236228

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. निजी सचिव, अति. मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय उप मुख्यमंत्री (उच्च शिक्षा विभाग) महोदय, राजस्थान सरकार।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षामंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग।
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग।
7. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग।
8. निजी सचिव, विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग।
9. निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
10. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग।
11. समन्वयक, प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2024, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।
12. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त .................. ।
13. जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक/प्रारम्भिक) समस्त................. ।
14. प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त ............. ।
15. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ...................।
16. रक्षित पत्रावली

शासन सचिव

**राजस्थान सरकार**
**स्कूल शिक्षा विभाग**

विषय :— प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2024 के लिए वांछित सुरक्षा व्यवस्था बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El.Ed.) (सामान्य/संस्कृत) **प्रवेश पूर्व परीक्षा** (Pre-D.El.Ed. Exam)- **2024 का आयोजन दिनांक 30.06.2024 (रविवार)** को नोड़ल एजेन्सी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा राज्य के समस्त जिलों में किया जा रहा है। उक्त परीक्षा में 6 लाख 45 हजार परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर भाग लेंगे। जिलों में परीक्षा संचालन, नियन्त्रण एवं प्रबोधन हेतु जिला स्तर पर जिला समन्वयक एवं जिला नोड़ल अधिकारी नियुक्त किये गये है।

अतः प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2024 में अधिक संख्या में परीक्षार्थी सम्मिलित होने तथा परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन के लिए जिला स्तर पर समुचित कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिलों में नोडल अधिकारी की मांग के अनुसार पुलिस जाब्ता उपलब्ध कराने हेतु समस्त जिला पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी कराने का श्रम करावें।

(कृष्ण कुणाल)
शासन सचिव

अतिरिक्त मुख्य सचिव,
गृह विभाग।

---

अ.शा.टीप क्रमांक : प.7(6)प्रा.शि./आयो./2021—01857
जयपुर, दिनांक :

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. निजी सचिव, अति. मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय उप मुख्यमंत्री (उच्च शिक्षा विभाग) महोदय, राजस्थान सरकार।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षामंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग।
6. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग।
7. निजी सचिव, विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा।
8. निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
9. समन्वयक, प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2024, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।
10. रक्षित पत्रावली

शासन सचिव

**RajKaj Ref**
**8236685**

Document certified by KRISHNA KUNAL
<secy.schooleducation@rajasthan.gov.in>.

Digitally Signed by Krishna Kunal
Designation : Secretary To Government
Date :21-06-2024 12:48:22